मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-361
01/08/2021

# टोक्यो ओलंपिक 2020 में कांस्य पदक जीतने पर मुख्यमंत्री ने पी0वी0 सिंधु को शुभकामनाएं दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की

पटना, 01 अगस्त 2021 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने टोक्यो ओलंपिक 2020 के बैडमिंटन प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय महिला खिलाड़ी पी0वी0 सिंधु को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पी0वी0 सिंधु ने ओलंपिक खेलों में लगातार दूसरी बाद पदक जीतकर एक कीर्तिमान स्थापित किया है, जिस पर हर भारतीय गौरवान्वित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पी0वी0 सिंधु प्रगति की ऊँचाई के शीर्ष पर पहुँचे और भारत का नाम रौशन करती रहें, ऐसी मेरी कामना है।

******